पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल में वर्कशॉप

बैंक अधिकारियों ने सीखे साइबर अपराधों से बचने के गुर

दबंग रिपोर्टर ▪ इंदौर

वर्कशॉप में आईजी कपूर व्याख्यान देते।

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) द्वारा ब्लैक रिबन इनीशिएटिव अभियान के तहत शनिवार को बैंक अधिकारियों को साइबर अपराधों से बचने के गुर सिखाए गए। खास बात यह वर्कशॉप में दूसरे शहरों के बैंक अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और बैंक अकाउंट को हैकिंग से बचने के पहलुओं को जाना। यह पीआरटीएस की 70वीं वर्कशॉप थी। आयोजन एसबीआई की प्रशिक्षण शाखा आधार संस्थान (चेतना) में किया गया। इसमें संस्थान के 27 वरिष्ठ अधिकारियों एवं 103 प्रोबेशनरी अधिकारियों ने भाग लिया।

पीआरटीएस के निदेशक व आईजी वरुण कपूर ने साइबर स्पेस में हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए उनके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान बैंकिंग, एटीएम फ्राड व अन्य प्रलोभन देकर जो नए अपराध घटित हो रहे हैं, उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग व पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया।

सेमिनार में साइबर के शिकार होने से कैसे बचा जाए? इस विधा का उपयोग करने के दौरान अपराध न हो, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों एवं कर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी आईजी कपूर द्वारा दिए गए। इस मौके पर स्टेट बैंक आधार संस्थान (चेतना) के डायरेक्टर जनरल उज्जेश सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक अनुकूल भटनागर, एसआरटी खान सहित अन्य शहरों के अधिकारी उपस्थित थे।